आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 10.11.2024

समय 7.20

**मुख्य समाचार :–**

- देहरादून में पांच दिवसीय युवा महोत्सव शुरू, मुख्यमंत्री ने कहा– युवा महोत्सव से संस्कृति, परंपराओं और लोककला को बढ़ावा मिलेगा।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य लोक सेवा आयोग को प्रवक्ता पदों के लिए आयु सीमा में छूट दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए 87 करोड़ रुपए की छह नई योजनाओं का लोकार्पण किया।
- और... हरिद्वार के हरकी पैड़ी में कल गंगा दीपोत्सव और ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। लगभग साढे तीन लाख दीपकों से जगमगाएगा गंगा घाट।

## युवा महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल शाम देहरादून के परेड मैदान में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2024–25 का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही प्रदेश में आज से पांच दिवसीय युवा महोत्सव शुरू हो गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये महोत्सव राज्य के युवाओं को अपनी रचनात्मकता, कला और खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करेगा तथा इससे संस्कृति, परंपराओं और लोककला को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगा। श्री धामी ने आधुनिकता के साथ परंपराओं का संतुलन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों का जिक्र भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष युवा महोत्सव का आयोजन ''इनोवेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी'' थीम के तहत किया जा रहा है। इससे युवा नवीनतम तकनीकों को सीखने के साथ ही स्वयं को विकसित करने में सक्षम होंगे। महोत्सव में ''स्पोट्र्स साइंस' जैसे नवाचार पर विशेष फोकस किया गया है, जो खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय खेलों में पदक तालिका में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने में सहायक होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खेल से संबंधित उपकरणों पर आधारित स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने राज्य स्तरीय पिटठू प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया। आगामी राष्ट्रीय खेलों के लिए श्री धामी ने नेशनल गेम्स उत्तराखंड वॉलंटियर पोर्टल का शुभारंभ भी किया।

## उत्तराखंड उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में राज्य लोक सेवा आयोग को प्रवक्ता पदों के लिए आयु सीमा में छूट देते हुए राहत दी है। अदालत ने आयोग को उन अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने की अनुमति देने का निर्देश दिया है, जिनकी आयु एक जुलाई, 2021 को इन पदों के लिए निर्धारित योग्यता के अनुरूप थी।

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समूह ग प्रवक्ता की 613 पदों पर आवेदन की अंतिम तिथि सात नवंबर, 2024 थी। यह रिक्तियां वर्ष 2021–22 की थीं, लेकिन विज्ञापन 2024 में प्रकाशित हुआ था। इस विलंब के कारण कई अभ्यर्थी, जो 2021 में परीक्षा के लिए पात्र थे, 2024 में निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के कारण अपात्र हो गए थे।

## बदरीनाथ दर्शन

दीन दयाल उपाध्याय मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के तहत नैनीताल जिले से 60 वर्ष से अधिक आयु के 32 बुजुर्गों का दूसरा दल बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुआ। जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने पर्यटक आवास गृह, सूखाताल से दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले शुक्रवार को 29 बुजुर्गों का पहला दल भी बद्रीनाथ के लिये रवाना हुआ था। गौरतलब है कि राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना शुरू की गयी है।

## प्रशिक्षण

देहरादून में पर्यटन एवं आतिथ्य कौशल परिषद द्वारा आयोजित प्राकृतिकविद प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए 40 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रामनगर, कालाढूंगी, नैनीताल, कोटद्वार और लैंसडौन समेत अनेक स्थानों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र को गति प्रदान करेंगे और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होगे।

## लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए 87 करोड़ रुपए की छह नई योजनाओं की सौगात दी है। देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री धामी ने इन योजनाओं का लोकार्पण किया। इन योजनाओं में स्पोर्टस कालेज रायपुर में 200 बेड का हॉस्टल, बहुउद्देशीय हॉल और बॉक्सिंग हॉल का उच्चीकरण शामिल है। साथ ही हरिद्वार में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण, हरिद्वार स्टेडियम

में दर्शक दीर्घा पार्किंग का निर्माण और परेड ग्राउण्ड खेल परिसर के तहत रोलर स्केटिंग रिंग का निर्माण कार्य शामिल है।

## गंगा दीपोत्सव

हरिद्वार जिले में कल हरकी पैड़ी पर भव्य गंगा दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लगभग साढे तीन लाख दीये गंगा घाट पर जलाये जाएंगे। साथ ही भव्य ड्रोन शो और भजन संध्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि दीपोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत हरकी पैड़ी पर शाम 5 बजकर 55 मिनट से 6 बजकर 25 बजे के बीच 500 ड्रोन से भव्य औरं आकर्षक ड्रोन शो का प्रदर्शन होगा, जबकि नगर निगम और विभिन्न संगठनों के सहयोग से साढ़े छह बजे हरिद्वार के 50 घाटों पर लगभग साढे तीन लाख दीपक जलाए जायेंगे। इसके बाद शाम 6 बजकर 50 मिनट पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

इस बीच, गंगा दीपोत्सव के लिए सभी घाटों को 50 सेक्टर और 9 जोन में विभाजित किया गया है। इसके लिए सभी सेक्टर और जोनल अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयोजन के सफल संपादन के लिए जिलास्तरीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

## गिरफ्तारी

हरिद्वार जिले के वन विभाग ने पथरी थाना क्षेत्र में खैर के पेड़ों का कटान कर तस्करी करने के मामले का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही मौके से काटे गए 32 नग खैर की लकड़ी बरामद की गई है। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें दो आरोपित उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं। वन विभाग की टीम मामले में संलिप्त अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है।

## निरीक्षण

जिलाधिकारी नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना ने भवाली नगर का पैदल निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायज़ा लिा और लोगों की समस्यांए सुनीं। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि भवाली के मुख्य और ऊपरी बाजारों में एकरूपता लाने के लिए देहरादून की तर्ज पर सभी प्रतिष्ठानों के आगे एक समान साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके अलावा बाजार क्षेत्र के घरों को पहाड़ी शैली में सजाया जाएगा, जिससे नगर को नई पहचान मिलेगी। जिलाधिकारी ने नगरपालिका को इस योजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश दिए हैं।

## प्रयास

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि कृषि के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमता के माध्यम से खाद्य क्रांति लाने और भोजन की बढ़ती मांग को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2050 तक अतिरिक्त 200 करोड़ लोगों की खादय आवश्यकता को पूरा करने के लिए आज की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक खाद्यान्न की आवश्यकता होगी। श्री जोशी ने डीएवी महाविद्यालय में इंडियन कांउसिल आफ सोशल रिसर्च द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सटीक खेती के लिए नीति आयोग और आई.बी.एम ने किसानों को रियल टाइम एडवाइजरी प्रदान करने के लिए समझौता किया है। इसमें एआई का उपयोग करते हुए एक फसल उपजाने वाली तकनीक का मॉडल विकसित किया जाएगा, जिससे फसल उत्पादकता में सुधार, मिट्टी की उपज, कीट और बीमारी के प्रकोप पर प्रारंभिक चेतावनी जारी की जाएगी।

**समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस से जुड़ी सभी खबरों को आज के अखबारों में पहले पृष्ठ पर जगह मिली है। प्रधानमंत्री की उत्तराखण्ड और देशवासियों से किए गए नौ आग्रहों को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण लिखता है कि– जड़ों से जुड़े रहें उत्तराखंडवासी, स्थानीय बोली भाषा का भी करें संरक्षण।

देहरादून में आज से पांच दिवसीय राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ को भी सभी अखबारों ने प्रमुखता दी है। मुख्ययमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिट्ठू खेलकर युवा महोत्सव का उद्घाटन किया– उत्तराखंड में 87 करोड़ की 6 विकास योजनाओं का लोकार्पण– हिन्दुस्तान ने शीर्षक दिया है।

अलग– अलग क्षेत्रों में उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन करने वाले कई लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर सम्मानित किया गया। हिन्दूस्तान समाचार पत्र में छपी हेडलाइन के मुताबिक, सीडीएस अनिल चौहान समेत 5 लोगों को उत्तराखंड गौरव सम्मान से नवाजा गया।

उत्तराखंड की धामी सरकार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समग्र नीति बनाने पर कार्य कर रही है। अमर उजाला समेत अन्य समाचार पत्रों ने इस खबर को प्राथमिकता देते हुए पहले पृष्ठ पर लिखा है कि– 2030 तक प्रदेश के 50 से अधिक आबादी वाले गांवों तक पहुंचेगी सड़क।

भराड़ीसैंण में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बोले– तीन साल में हुई साढ़े 18 हजार सरकारी भर्तियां– अमर उजाला की ख़बर है – उत्तराखंड की धामी सरकार ने नकल विरोधी कानून लाकर लाखों युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया।